an>

Title: Regarding privatisation/disinvestments in coal industry.

श्री शंकर प्रसाद दत्ता (त्रिपुरा पश्चिम): अध्यक्ष महोदया, मैं कोल ब्लॉक के बारे में कहना चाहता हूं। ...(व्यवधान) यह जानकारी पूरे देश को है कि जो कोल ब्लॉक का कलाकारी से घोटाला हुआ, उससे कांग्रेस नेतृत्वाधीन यूपीए सरकार गिर गयी। ...(व्यवधान) अभी जो बीजेपी नेतृत्वाधीन एनडीए सरकार चल रही है, उसने पिछली सरकार से कोई शिक्षा नहीं ली। ...(व्यवधान) देश का आम आदमी देख रहा है कि कोल ब्लॉक का प्राइवेटाइजेशन हो रहा है। ...(व्यवधान) बीजेपी सरकार ने जो सिद्धांत लिया, जो सुप्रीम कोर्ट ने वायदा किया, निजीकरण को अमल करने के लिए बीजेपी सरकार ने एक आर्डिनेंस जारी किया। ...(व्यवधान) उस आर्डिनेंस को आइन बनाने के लिए, इसको एक्ट बनाने के लिए इस पार्लियामेंट सत्र में उन्होंने इंतजाम कर लिया। ...(व्यवधान) आज हमारे देश में कोल ब्लॉक की प्राब्लम है। ...(व्यवधान) पिछली सरकार के समय में 1 लाख 86 हजार करोड़ रूपए का घोटाला हुआ। ...(व्यवधान) उस घोटाले से यह प्राब्लम हमारे देश में आयी और खजाने में पैसा जमा नहीं हुआ। ...(व्यवधान) इसके बाद जो बीजेपी सरकार आयी, उसने इससे शिक्षा नहीं ली। ...(व्यवधान)

हमारी यह मांग है कि कोल का प्राइवेटाइजेशन नहीं होना चाहिए। ...(व्यवधान) कोल ब्लॉक को पी.एस.यू. के अंडर ही रहना चाहिए। श्रमिक कर्मचारियों को भविष्य में देखना चाहिए। ...(व्यवधान) यह हमारे देश का सामान है, संपत्ति है। ...(व्यवधान) उस संपत्ति को किसी दूसरे पूंजीपति के हाथ में नहीं देना चाहिए। ...(व्यवधान) यह संपत्ति किसी विदेशी के हाथों में नहीं देनी चाहिए। ...(व्यवधान) यह संपत्ति हमारे देश के भलाई के काम में लगनी चाहिए। ...(व्यवधान) मैं आपके माध्यम से यह बात सरकार से कहना चाहता हूं।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष :

श्री एम.बी.राजेश और

श्री जितेन्द्र चौधरी को श्री शंकर प्रसाद दत्ता द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

â€¦(<u>व्यवधान</u>)

HON. SPEAKER: Shri Prem Singh Chandumajra – not present; Shri Anto Antony – not present.

...(*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Shri Arvind Sawant.